नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	हुक्म या कार्यवाही मय इतिशियल्य जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.05.2024	पत्रावली पेश हुई। उभयपक्षकारान के अधिवक्तागण अनुपस्थित। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा सुनवाई हेतु पत्रावली को न्यायालय सहायक कलक्टर बायतु से न्यायालय सहायक कलक्टर शिव में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि न्यायालय सहायक कलक्टर बायतु इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन है एवं न्यायालय सहायक कलक्टर शिव इस क्षेत्राधिकार के अधीन नहीं है। उक्त दोनों न्यायालय भिन्न-भिन्न होने से हस्तगत प्रकरण में सुनवाई हेतु क्षेत्राधिकार अधिकृत करना यह न्यायालय सक्षम नहीं है। इस प्रकार उक्त प्रकरण में अपीलांट द्वारा वांछित क्षेत्राधिकार न्यायालय में प्रकरण स्थानान्तरण करना न्यायोचित नहीं है। अतः न्यायालय सहायक कलक्टर शिव इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन नहीं आने के कारण अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र खारीज किया जाता है एवं अपीलार्थी अपने सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। जिला कलक्टर बाड़मेर	